कर्मचारी कल्याण बोर्ड /STAFF WELFARE BOARD
कार्यालय मुख्य महाप्रबंधक दूरसंचार :
O/o THE CHIEF GENERAL MANAGER TELECOM
मध्यप्रदेश परिमंडल 462015 -पिन (मप्र) भोपाल ,
MP CIRCLE, BHOPAL (MP) 462015 -PIN
फोन : 0755-2765681 फ़ैक्स : 0755-2771600

भारत संचार निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
BHARAT SANCHAR NIGAM LIMITED
(A GOVT OF INDIA UNDERTAKING)

# दिनांक 05/09/2017 को सम्पन्न हुई बैठक का कार्यवृत्त

भारत संचार निगम लिमिटेड, मध्यप्रदेश परिमंडल कर्मचारी कल्याण बोर्ड वर्ष 2016-17 की बैठक दिनांक 05 सितंबर, 2017 को डा जी सी पाण्डे, अध्यक्ष, परिमण्डल कर्मचारी कल्याण बोर्ड, एवं मुख्य महाप्रबंधक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । बैठक में निम्नलिखित पदाधिकारी एवं सदस्य सम्मिलित हुए :

1. श्री ए के मुकाती, उपाध्यक्ष, परि. कर्म. कल्याण बोर्ड एवं महाप्रबंधक (मासं एवं प्रशासन)
2. श्री के के सूर्यवंशी, सदस्य एवं संयुक्त महाप्रबंधक (मासं एवं प्रशासन)
3. श्रीमती संजु शर्मा, सचिव, परि. कर्म. कल्याण बोर्ड एवं उप मंडल अभियंता (कल्याण)
4. श्रीमती माणिक शर्मा, कोषाध्यक्ष, परि. कर्म. कल्याण बोर्ड एवं लेखाधिकारी (एचआर) .
5. श्री ए एस सेंगर, सदस्य एवं सहा महाप्रबन्धक परिमंडल कार्यालय।
6. श्री ए के मेश्राम, सदस्य एवं उप मंडल अभियंता, परिमंडल कार्यालय।
7. श्रीमती मंगला गुप्ता, सदस्य एवं पीए परिमंडल कार्यालय।
8. श्री गजानंद डबली, सदस्य एवं मुख्यलेखाधिकारी, परिमंडल कार्यालय।
9. श्री रामू साहू, सदस्य एवं सहायक महाप्रबंधक, परिमंडल कार्यालय।
10. श्री पराग करंदीकर, सदस्य एवं उपमंडल अभियंता, परिमंडल कार्यालय।
11. श्री पी जी नेवालकर, सदस्य एवं वरिष्ठ अनुभाग पर्यवेक्षक, कार्यालय-मुख्य अभियंता (सिविल)।
12. श्रीमती रजनी कावलकर, सदस्य एवं पीए कार्यालय मुख्य अभियंता (इलेक्ट्रिकल)
13. श्री दत्ता मजुमदार, परिमंडल सचिव,एसएनईए, विशेष आमंत्रित
14. श्री परवेज खान, परिमंडल सचिव, एआईबीएसएनएलईए, विशेष आमंत्रित
15. श्री ओ पी दायमा, प्रतिनिधि, एसईडबल्यूए , विशेष आमंत्रित ।
16. श्री योगेश शर्मा, कार्या.अधी., कार्यालय दू.जि. प्रबंधक सतना, सदस्य एवं प्रतिनिधि BSNLEU.
17. श्री नरेन्द्र कुमार राठौर, टीटीए कार्या.- महाप्रबंधक दूरसंचार इंदौर, सदस्य एवं प्रतिनिधि NFTE
18. श्री विवेक नामदेव, मुख्य महाप्रबंधक के ओएसडी एवं उपमहाप्रबंधक।
19. श्री एम एच हुसैन, सहायक महाप्रबंधक (प्रशासन)
20. श्री एस ए कुरैशी, सहायक महाप्रबंधक (कल्याण)
21. श्री आनंदकृष्ण, कल्याण अधिकाऋ, परिमंडल कार्यालय भोपाल ।
22. श्री जी आर देशमुख, कल्याण निरीक्षक, परिमंडल कार्यालय, भोपाल ।

बैठक के आरंभ में श्री ए के मुकाती, महाप्रबंधक (मासं/प्रशासन) परिमंडल कार्यालय ने मध्यप्रदेश दूरसंचार परिमंडल कर्मचारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एवं माननीय मुख्य महाप्रबंधक, डॉ जी सी पाण्डे का पुस्तक एवं पुष्पकली भेंट कर स्वागत् किया। तदोपरान्त सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों तथा विषेश आमंत्रित सदस्यों ने स्वपरिचय दिया।

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से श्री के के सूर्यवंशी, सदस्य एवं संयुक्त महाप्रबंधक (मासं एवं प्रशासन) द्वारा परिमंडल कर्मचारी कल्याण बोर्ड का एजेण्डा प्रस्तुत किया गया । एजेण्डा पर चर्चा के दौरान लिए गए निर्णयों का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

**प्रस्ताव 1- परिमंडल कर्मचारी कल्याण निधि की वित्तीय स्थिति**

परिमंडल कर्मचारी कल्याण निधि के खाते में 01/04/2016 की स्थिति में बैक में 91,145/- जमा है। परिमंडल कर्मचारी कल्याण बोर्ड को निगम मुख्यालय नई दिल्ली से वर्ष 2015-16 के लिए रु 9,47,500/- की ग्रांट दिनांक 5/5/2016 को प्राप्त हुई जिसमें से विवेकाधीन कोटा के अन्तर्गत 10% रु0 94,750/- की राशि संचित रखकर शेष राशि को सर्किल आफिस सहित सभी 34 जिलों (चार जोन सहित) को उनकी स्टाफ संख्या के अनुपात में आबंटित कर दिया गया है।(संलग्नक-II)

वर्ष 2016-17 के लिए भी क्रमशः ग्रांट 10/4/2017 को रु0 7,72008/- तथा 5/6/2017 को 23,16,023/- कुल रु0 30,88,031/- प्राप्त हुई है। जिसमें से 10% ग्रांट विवेकाधीन कोटे में संचित रखते हुए शेष राशि 27,79,228/- का आबंटन आनुपातिक दर से जुन 2017 को विभिन्न एसएसए के अनुरोध पर कर दिया गया है । कर्मचारी कल्याण निधि का वित्त वर्ष 2016-17 का प्राक्कलित लेखा-विवरण तथा 1/4/2017 के बाद का प्रस्तावित व्यय विवरण संलग्नक-I पर संलग्न है।

परिमंडल कर्मचारी कल्याण निधि में दिनांक 15/7/2016 की स्थिति में रु0 1,52,595/- शेष थे। इसी राशि से वर्ष 2015-16 के बुक अवार्ड एवं स्कालरशिप के प्रकरणों का निस्तारण किया जाना प्रस्तावित किया गया था जिसका विस्तृत विवरण संलग्नक III के अनुसार है।

**निर्णयः प्रस्ताव-1 पर दी गई जानकारी का बोर्ड ने समर्थन किया एवं सर्वसम्मति से अनुमोदित किया ।**

**प्रस्ताव-2 : बुक अवार्ड एवं इन्सेन्टिव वर्ष 2016-17 (परिमंडल कार्यालय तथा संलग्न इकाई)**

परिमंडल कार्यालय तथा संलग्न इकाईयों (सिविल/ इलेक्ट्रिकल/ आर्किटेक्ट/ सीटीएसडी/ सीआरसी/ सीएमटीएस) के कर्मचारियों से वर्ष 2016-17 में उत्तीर्ण परीक्षाओं के आधार

पर बुक अवार्ड एवं इन्सेन्टिव के लिए प्राप्त आवेदनों का निगमित मुख्यालय, नई दिल्ली के दिशा निर्देशानुसार सूक्ष्म परीक्षण किया गया। परीक्षण उपरान्त स्थिति निम्नानुसार है:

| विवरण | बुक अवार्ड प्रकरण |
|---|---|
| कुल प्राप्त आवेदनों की संख्या | 29 |
| पात्र प्रकरणों की संख्या | 24 |
| निरस्त प्रकरणों की संख्या | 05 |
| **देय राशि** | **18,160/-** |

बुक अवार्ड के भुगतान के लिए कुल राशि रु 18160/- की संस्वीकृति हेतु प्रस्तुत।

**निर्णय : प्रस्ताव 2 पर अध्यक्ष महोदय ने उपरोक्त व्यय की राशि 18160/- की संस्वीकृति प्रदान की ।**

**<u>प्रस्ताव-3: स्कालरशिप (फ्रेश) और स्कालरशिप (रेन्युवल) वर्ष 2016-17 (परिमंडल कार्यालय व संलग्न इकाई)</u>**

तकनीकी तथा गैरतकनीकी पाठ्यक्रमों के शैक्षणिक सत्र 2016-17 में उत्तीर्ण परीक्षाओं के आधार पर वर्ष 2016-17 के लिए अध्ययनरत छात्रों को दी जाने वाली **<u>स्कालरशिप (फ्रेश और रेन्युवल)</u>** के लिए परिमंडल कार्यालय व संलग्न इकाईयों (सिविल/इलेक्ट्रिकल/आर्किटेक्ट/सीटीएसडी/ सीआरसी/सीएमटीएस) के कर्मचारियों व अधिकारियों से प्राप्त आवेदनों का, निगम मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार सूक्ष्म परीक्षण किया गया । परीक्षण के उपरान्त स्थिति निम्नानुसार है:-

| विवरण | स्कालरशिप फ्रेश | स्कालरशिप रेन्युवल |
|---|---|---|
| छात्रवृत्ति हेतु कुल प्राप्त आवेदन | 28 | 11 |
| निरस्त आवेदनों की संख्या | 05 | 02 |
| पात्र आवेदनों की संख्या | 23 | 09 |
| **देय राशि (रु)** | **1,62,720** | **61,920** |

कुल राशि रु 1,62,720 + रु 61,920 = 2,24,640

इस प्रकार **<u>स्कालरशिप (फ्रेश और रेन्युवल)</u>** के भुगतान के लिए कुल राशि रु 2,24,640 की मंजूरी हेतु प्रस्तुत ।

**निर्णय: प्रस्ताव 3 पर अध्यक्ष महोदय ने उपरोक्त व्यय की राशि 224640/- की संस्वीकृति प्रदान की तथा यह भी निर्णय दिया कि वर्तमान में उपलब्ध फण्ड से इस मद में आनुपातिक भुगतान कर दिए जाए। शेष राशि का भुगतान निगमित मुख्यालय, नई दिल्ली से वर्ष 2016-17 की शेष 50 प्रतिशत ग्रांट प्राप्त होने पर किया जाए ।**